खुशखबरी 5 से 10 हजार प्रतिघंटे के हिसाब से करवा सकेंगे कोच बुक

बर्थडे पार्टी से लेकर प्री-वेडिंग का जश्न मनाएं एक्वा लाइन मेट्रो में

■ **प्रमुख संवाददाता, नोएडा**

बर्थडे या एनिवर्सरी पार्टी, प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन हो या कुछ ऐसा ही कोई और जश्न हो लेकिन जगह फाइनल नहीं कर पा रहे हैं तो किफायती बजट में एक्वा लाइन मेट्रो आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। एक मेट्रो कोच में 50 लोगों की गैदरिंग के साथ आप पार्टी कर सकते हैं। 5 हजार से लेकर 10 हजार प्रतिघंटे प्रति कोच के हिसाब से इसका चार्ज रखा गया है।

बता दें कि एनएमआरसी इन दिनों अपना रेवेन्यू बढ़ाने के लिए नए-नए विकल्प तैयार कर रही है। मेट्रो में पार्टी करने का यह ऑफर गुड़गांव और गुजरात मेट्रो में पहले से मौजूद है। इसी की तर्ज पर बुधवार को एनएमआरसी ने भी नोएडा से ग्रेनो रूट पर संचालित एक्वा लाइन में ऐसी हल्की फुल्की पार्टी करने का विकल्प पब्लिक के लिए खोल दिया है। इसके लिए पहले से एनएमआरसी में बुकिंग करानी होगी और कुछ सिक्युरिटी भी जमा करानी होगी जो कि रिफंडेबल होगी। पेमेंट और बुकिंग की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है। पार्टी के लिए मेट्रो कोच की बुकिंग कराने के साथ ही पार्टी की तैयारी में एनएमआरसी से अपनी जरूरत के मुताबिक अन्य सुविधाएं भी ले सकते हैं। एनएमआरसी ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी घोषणा कर दी है।

बुधवार को NMRC ने एक्वा लाइन में पैसे देकर पार्टी की दी इजाजत